हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 19 जुलाई 2024

06 नपा कर्मी की हड़ताल, सीएमओ पर अड़ियल....



07 ज्ञापन प्रदर्शनों के नाम रहा गुरुवार, विभिन्न...





## खबर संक्षेप

### मदरसा बोर्ड के परीक्षा आवेदन 25 जुलाई तक

**सागर।** मदरसा बोर्ड की हाई स्कूल और हायर सेकंडरी उर्दू माध्यम परीक्षा सत्र 2024 के लिये परीक्षा आवेदन-पत्र अधिकृत अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से ऑनलाइन भरे गये थे अब बोर्ड ने नियत आवेदन तिथि को बढ़ाया है और बिना विलम्ब शुल्क के आवेदन-पत्र 25 जुलाई तक भरे जा सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि-सुधार की तिथि अब 31 जुलाई निर्धारित की गई है।

### मछली के साथ झींगा पालन को बढ़ावा देने पर जोर

**सागर।** मछली पालन के साथ झींगा पालन को भी बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। झींगा पालन से रोजगार के साथ लोगों की आय में भी वृद्धि होगी। झींगा पकड़ने के लिए 35 रुपए प्रति किलो मिलने वाली मजदूरी को बढ़ाकर अब 50 रूपये किया जाएगा। इससे झींगा व्यवसाय से जुड़े मजदूरों को लाभ पहुँचेगा। झींगा पालन को बढ़ावा देने के साथ ही योजना में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने और योजना का लाभ देने के निर्देश दिए। मछुआ समाज के लिये चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचे, इसके लिये सभी अधिकारी मछुआ समितियों के सदस्यों से संवाद करें और निष्क्रिय समितियों की मान्यता समाप्त की जाए। निष्क्रिय समितियों को भंग कर पुनः नई समितियों का गठन करें, जिससे मत्स्य उत्पादन से जुड़े लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। समितियों के बेहतर संचालन के लिए संचालक मंडल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनको निष्क्रिय समितियों की जाँच कर भंग करने और नई समिति के गठन के लिए निर्देशित किया गया है। जल्द ही पूरे प्रदेश में निष्क्रिय समितियों की जगह नई समितियों का गठन कर लिया जाएगा।

### भू-अधिकार ऋण पुस्तिका अब ऑनलाइन

**सागर।** किसानों और आम जनता को भू-अधिकार ऋण पुस्तिका प्राप्त करने के लिए अब पटवारी के पास जाने की जरूरत नहीं है। आम जनता की सुविधा के लिये भू-अधिकार ऋण पुस्तिका को ऑनलाइन कर दिया गया है। कोई भी व्यक्ति अपनी भू-अधिकार ऋण पुस्तिका को नजदीकी कियोस्क सेंटर अथवा कॉमन सर्विस सेंटर या स्वयं के एन्ड्रायड मोबाइल से निर्धारित शुल्क 10 रूपये अदा कर ले सकता है। कृषकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राजस्व विभाग ई तकनीक को बढ़ावा दे रहा है, ताकि किसानों एवं आमजन को तहसील एवं पटवारी के चक्कर न लगाने पड़े। वर्षों पूर्व आमजन और किसानों को अपने खाते की नकल पाना कठिन कार्य था। जन-मानस की परेशानी को ध्यान में रखते हुए राजस्व विभाग के नियमों में बदलाव कर जन-सुविधा से जुड़े अभिनव प्रयोग किए जा रहे हैं।

### एडीएम ने किया बांदरी तहसील का निरीक्षण

**सागर।** विशेष राजस्व अभियान के अंतर्गत एडीएम रूपेश उपाध्याय ने बांदरी तहसील का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रकरणों के शीघ्र निराकरण, अपंजीकृत प्रकरणों को आरसीएमएस में पंजीकृत करने तथा जिन आदेशों के अमल नहीं हुए हैं, उनका अभिलेख में अमल कराने के निर्देश तहसीलदार को दिए। इस दौरान एडीएम उपाध्याय ने ग्रामीण जनों की समस्याएं भी सुनी और उन्हें हल करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बांदरी तहसील में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा निर्माण समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बालक छात्रावास एवं नगर पंचायत के पार्क में पौधरोपण किया एवं ग्राम गडोला गुसाईं में बी -1 वाचन कार्य हेतु आयोजित शिविर में भाग लिया।

**वृक्ष हमारे लिए पूजनीय, अभियान का हिस्सा बनें और पौधरोपण अवश्य करें : विधायक लारिया**

# वृक्षों से आच्छादित हो हमारा परिवेश, पौधा लगाएं और यह संकल्प लें कि उसकी देखभाल भी करेंगे : मंत्री राजपूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने पौधरोपण किया और संकल्प लिया कि वे उनके द्वारा लगाए जा रहे सभी पौधों की देखभाल भी करेंगे। मंत्री राजपूत आज ओशो हनुमान पहाड़ी, बटालियन, मकरोनिया में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत वृहद पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा की मात्र पौधा लगाना मकसद नहीं है बल्कि पौधे की परिवार के सदस्य जैसी जिम्मेदारी समझते हुए देखभाल करना भी जरूरी है। उन्होंने इस अभियान को स्वच्छता मिशन से जोड़ते हुए कहा कि हम यदि स्वच्छ वायु, ऑक्सीजन, स्वच्छ वातावरण चाहते हैं तो वृक्षों का उसमें सबसे अहम योगदान है। हमारा वातावरण स्वच्छ रहे इसके लिए हमारा परिवेश वृक्षों से आच्छादित होना आवश्यक है। इस अवसर पर सांसद लता वानखेड़े, विधायक प्रदीप लरिया, गौरव सिरोठिया, संभाग कमिश्नर डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत, पुलिस महा निरीक्षक प्रमोद वर्मा, कलेक्टर दीपक आर्य, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री, एडीएम रुपेश उपाध्याय सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, छात्र छात्राएं मौजूद थे।

मंत्री राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की परिकल्पना के अनुसार आज बच्चा-बच्चा पेड़ लगा रहा है। समाज का हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए पौधरोपण कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज हम जो पौधा रोप रहे हैं वह कल हमारा सच्चा मित्र बनकर बड़ा होगा हमें फल देगा, छाया देगा और हमारे वातावरण को स्वच्छ रखेगा। इसलिए पौधे के लिए आवश्यक पानी, खाद सभी उचित मात्रा में मिले इसकी भी व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि हम अपने मां, पिता के नाम पर पेड़ लगाते हैं और हमारे द्वारा आज लगाए गए पौधे वर्षों तक जीवित रहकर लोगों को हमारा स्मरण कराते हैं। उन्होंने कहा व्यक्ति रहे ना रहे उसके द्वारा लगाया गया पौधा वर्षों तक संबंधित व्यक्ति का स्मरण कराता है।

इस अवसर पर नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने कहा कि प्रकृति ने हमें बहुत कुछ दिया है और हमें भी प्रकृति को देने की आवश्यकता है। एक पेड़ मां के नाम अभियान हमें यह अवसर देता है कि प्रकृति के प्रति हम अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में भी वृक्ष पूजनीय हैं। वे हमें जीवन जीने के लिए अति आवश्यक आक्सीजन प्रदान करते हैं। हमारी परंपरा में जहां कंकड़-कंकड़ शंकर है.. ऐसी मान्यता है वहां पेड़ पौधों वृक्षों की भी अहम भूमिका है। अतः सभी आगे आएं और एक पेड़ अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल भी करें।

### प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

**सागर।** हाथकरघा क्षेत्र के उत्कृष्ट एवं परम्परागत संस्कति के संरक्षण करने वाले बुनकरों को प्रोत्साहित करने के लिए कबीर बुनकर प्रोत्साहन योजनान्तर्गत बुनकरों द्वारा स्वयं उत्पादित उत्कृष्ट प्रविष्टिया जिलें के बुनकरों से हाथकरघा कार्यालय, सागर में 29 जुलाई सायं 6 बजे तक स्वीकार की जावेगी। योजना में प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार पचास हजार एवं ततीय पुरस्कार पच्चीस हजार रुपये, प्रतीक चिन्ह तथा श्रीफल प्रदान किया जाएगा।

## बिलहरा में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिलने से मच गया हड़कंप

**परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने पूछताछ के लिए उसे चौकी में बैठाया था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

मिली जानकारी के अनुसार काका गंज निवासी रामेश्वर प्रजापति ईंट भट्टे का काम करते हैं और वह ट्रैक्टर लेकर राजघाट तरफ से आ रहे थे इसी दौरान केसली के एक व्यक्ति की फोर व्हीलर से मामूली टक्कर हो गई थी। टक्कर के बाद ट्रैक्टर को बिलहरा चौकी ने जप्त कर लिया था। बाद में पता चला कि थाना क्षेत्र गोपालगंज का है दोनों लोग गोपाल गंज आए यहां से उनके बीच सुलह हो गई, और दोनों अपने-अपने घर गए। लेकिन रामेश्वर अपना ट्रैक्टर उठाने के लिए बिलहरा चौकी गया था। आरोप है कि पुलिस ने पूछताछ के नाम पर उसे बैठा लिया था, और सुबह उसका शव बस स्टैंड पर मिला । जिसके शरीर में कुछ चोटों के निशान भी थे। जानकारी लगते ही परिजन और प्रजापति समाज के लोग मौके पर पहुंचे उन्होंने पुलिस चौकी के सीसीटीवी फुटेज चेक करने की मांग की है। साथ ही उनका यह भी कहना है कि अगर पुलिस ने छोड़ दिया था तो परिजनों को इस संबंध में जानकारी क्यों नहीं दी वही डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए सागर भेजा गया है ।

# यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज कंवेंशन में प्रतिनिधित्व करेंगी डॉ. नीलिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



सागर एवं बुंदेलखंड के लिए यह अत्यंत गौरव की बात है कि समाजसेवी, लेखिका डॉ. नीलिमा पिंपलापुरे का चयन नई दिल्ली में 21 जुलाई से होने वाले यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज कन्वेंशन के लिए हुआ है। वह विश्व पटल पर मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने जा रही है।

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय एवं यूनेस्को के नेतृत्व में 46 वे यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज कन्वेंशन का आयोजन नई दिल्ली के भारत मंडपम में 21 जुलाई से 31 जुलाई तक किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस कन्वेंशन में विश्व भर के वह गणमान्य शामिल होंगे जिन्होंने धरोहर, प्राचीन स्मारकों, अपनी संस्कृति को सहेजने एवं संरक्षण देने का कार्य किया है। इस कन्वेंशन के लिए भारत के प्रत्येक प्रदेश से पांच प्रतिनिधि चुने गए हैं। जिसमें डॉक्टर नीलिमा पिंपलापुरे मध्य प्रदेश की ओर से चुनी गई हैं। यह सागर एवं बुंदेलखंड के लिए गौरव की बात है। गौरतलब है कि बुंदेलखंड की धरोहर, संस्कृति को विश्व स्तर पर पहुंचाने हेतु डॉक्टर नीलिमा पिंपलापुरे ने अपनी पुस्तक बुंदेलखंड- द हार्टबीट आफ इंडिया के माध्यम से बहुमूल्य धरोहर का अत्यंत सचित्र वर्णन किया है। इस पुस्तक से हमारे बुंदेलखंड के प्राचीन किले, मंदिर एवं संस्कृति को संपूर्ण विश्व में पहचान मिल रही है। डॉ नीलिमा के इस प्रयास को मध्य प्रदेश के पर्यटन संस्कृति विभाग ने भी सराहा है एवं प्रचार प्रसार में सहयोग किया है।

### विधायक ने संत कबीर पार्क का किया निरीक्षण

**सागर।** विधायक शैलेंद्र जैन ने निगम आयुक्त एवं कबीर आश्रम के आचार्य रामजीवन दास के साथ राजघाट रोड स्थित संत कबीर पार्क पहुंचकर उसका निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि कबीर संप्रदाय के लोगों के आग्रह पर विधायक जैन के निर्देश पर संत कबीर साहब के नाम से पार्क का निर्माण किया गया है इसी से लगी हुई शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय का भवन है। अतः पार्क में विद्यार्थियों के खेलने के लिए बास्केट बॉल कोर्ट, ओपन जिम भी लगाया गया है। इस पार्क के रखरखाव के लिए विधायक जैन ने कबीर आश्रम के आचार्य जी से आग्रह किया जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया, इसके अलावा कन्या महाविद्यालय एवं पार्क के बीच के स्थान जो ढलान नुमा है उसकी पिचिंग करने को लेकर भी चर्चा हुई ।



### सराफा मंदिर में विराजमान हुए श्री बटकेश्वर महादेव

**गढ़ाकोटा।** अषाढ़ माह के आखिरी मंगलवार को नगर के प्रमुख मंदिर सागर रोड स्थित टेड़िया हनुमान मंदिर पथरिया रोड स्थित बालाजी सरकार हनुमान मंदिर एवं दमोह रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर मे सुबह से ही भक्तो का ताता लगा रहा। हनुमान भक्तो द्वारा मंदिरो मे विशेष अनुष्ठान भी किये गये नगर के प्राचीन टेड़िया हनुमान मंदिर हनुमान चालीसा के भजन कीर्तन किया गया। वही नगर के मुख्य सराफा बाजार स्थित श्री देव द्वारकाधीश सराफा मंदिर में श्री बटकेश्वर महादेव का मंदिर निर्माण के साथ प्राण प्रतिष्ठा स्व लक्ष्मी प्रसाद (नाथूराम जी)सोनी कि स्मृति में धर्म पत्नी सुधा रानी सोनी एवं उनके पुत्रों संजय, सचेन्द, संदीप द्वारा करवाया गया। प्राण प्रतिष्ठाचार्य धर्माचार्य पं पुष्पेन्द्र उपस्थित रहे। साथ ही प्राण प्रतिष्ठा उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे के साथ थाना स्टाफ व सोनी समाज के लोग प्रमुख रूप उपस्थित थे।



### एल्यूमिनी एसोसिएशन ने मनाया सागर विश्वविद्यालय का 78वां स्थापना दिवस

**सागर।** गुरुवार को सागर विश्वविद्यालय के 78वे स्थापना दिवस के अवसर पर सागर विश्वविद्यालय एलुमनी एसोसिएशन के सचिव, कांग्रेस के जिला कार्यकारी ग्रामीण अध्यक्ष अखिलेश मोनी केसरवानी एवं एल्यूमिनी संगठन के पदाधिकारीयो ने यूनिवर्सिटी में डॉक्टर गौर की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया और स्थापना दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर एल्यूमिनी एसोसिएशन के सचिव अखिलेश मोनी केसरवानी ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉ गौर सागर नगर के ही नहीं बल्कि पूरे देश के रत्न है। उनके द्वारा दान दी गई इस विश्वविद्यालय में आज विश्व के अलग-अलग देशों से लोग पढ़ने आ रहे है। उनके जैसा दानी ना कोई हुआ है और ना ही कोई होगा। डॉ.गौर ने ना केबल यह विश्वविद्यालय हमें प्रदान किया है बल्कि भारत के संविधान निर्माण, न्याय व्यवस्था, शिक्षा व्यवस्था और राजनीतिक व्यवस्था में उनके महत्वपूर्ण योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। आज विश्वविद्यालय की स्थापना दिवस के अवसर पर हम सभी एलुमनी के सदस्यों द्वारा भारत सरकार से डॉक्टर गौर को भारत रत्न की उपाधि देने का आग्रह करते हैं। यह उनके लिए हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर अधिवक्ता सुनील भदोरिया, अधिवक्ता राकेश यादव, पूर्व पार्षद उमर खान, आर्किटेक्ट इनायत खान, वृंदावन पाठक, जितेंद्र दुबे, आकाश सेन सहित बड़ी संख्या में एल्यूमिनी के सदस्य उपस्थित रहे।

## एक पेड मां के नाम अभियान के तहत देवरी विधायक वृजविहारी पटैरिया ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरझामर




भगवान श्री हनुमान जी के पावन धाम गुरू चौपड़ा पर गुरु परिवार व्दारा प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर एक वृक्ष माँ के नाम अभियान के अंतर्गत बृहद पौधरोपण विधायक वृजविहारी पटैरिया के मुख्य आतिथ्य मे आयोजित किया गया। जिसमे फलदार, छायादार 101 पेडों का मन्दिर परिसर मे समारोह पूर्वक रोपण किया गया। विधायक पटैरिया ने माता कुसम पटैरिया के नाम बनाये गये कुसुम उधान मे एक पेड माँ के नाम रोपित किया । गुरु सेवा समिति के अध्यक्ष राधा कृष्ण गुरु, बालकृष्ण गुरु, माधव गुरु, जगदीश गुरु भारत लाल, रामचंद्र गुरु, राकेश गुरु, मुकेश गुरु, मधु तिवारी, जुगल गुरु, आलोक तिवारी निपुण गुरु, गोविंद सिंह राजपूत, वरिष्ठ पत्रकार कुंदन लाल चौरसिया निर्मोही, लीलाधर साहू के साथ खामखेड़ा, बिजोरा, घोसी पट्टी, जैतपुर, बरकोटी, गौरझामर, पटना, सरखेड़ा आदि ग्रामों के नागरिक उपस्थित थे।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत महापौर ने किया पौधरोपण

**सागर।** नगर निगम महापौर संगीता सुशील तिवारी ने महिला सदस्यों के साथ प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चलाए जा रहे देशव्यापी एक पौधा मां के नाम अभियान के अंतर्गत तिली अस्पताल रोड स्थित अटल पार्क में पौधारोपण किया और समस्त सदस्यों को इन पौधों की देखभाल करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के पर्याय है और उनके बिना हमारा जीवन संभव नहीं है क्योंकि वृक्ष हमें हर समय कुछ न कुछ देते रहते हैं इसलिए वृक्षों का महत्व हमारे धर्म ग्रंथों में वर्णित किया गया है। हमारे पूर्वजों ने इसका महत्व समझते हुए बड़ी संख्या में वृक्ष लगाए और उनकी देखभाल करके उन्हें बड़ा किया। हमारे प्रधानमंत्री मोदी ने देश भर में एक पौधा मां के नाम अभियान चलाया है जिसमें करोड़ों पौधे देश में लगाए जा रहे हैं, इससे हमें भी प्रेरणा मिलती है कि हम अपने पूर्वजों की याद में और खुशी के अवसर पर एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करें जिससे आज लगाया गया पौधा कल वृक्ष बनकर स्वच्छ पर्यावरण के लिए उपयोगी हो।

## जमील कुरैशी बने पालक महासंघ के तहसील गढ़ाकोटा अध्यक्ष



**गढ़ाकोटा।** पूरे प्रदेश में निजी विद्यालयों, शासकीय विद्यालयों और कोचिंग संस्थानों एवं विश्व विद्यालयों में हो रहे विधार्थियों एवं पालकों के शोषण, भ्रष्टाचार एवं नियम कानून विरुद कार्यों के खिलाफ आवाज उठाकर पालकों के लिए कार्य करने वाली एक मात्र संस्था जो लगातार पूरे प्रदेश के संभाग जिला नगर में सक्रियता से कार्य कर रही है,पालक महासंघ मध्यप्रदेश के नाम से है। पिछले दिनों निजी विद्यालयों के शुल्क और किताब विक्रय पर ज्ञापन दिया गया जिसका परिणाम सबके सामने आया है। पूर्व कैबिनेट मंत्री गोपाल भार्गव की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष कमल विश्वकर्मा के निर्देशानुसार, संभागीय अध्यक्ष धरणेंद्र जैन, जिला सागर अध्यक्ष रामदास राज व जिला सागर उपाध्यक्ष दिनेश चिरवारिया एडवोकेट की अनुशंसा पर तहसील गढ़ाकोटा के पालक महासंघ अध्यक्ष पद पर शेख जमील कुरैशी एडवोकेट के लिए नियुक्त किया है, तथा पालक महासंघ मध्यप्रदेश के सभी पदाधिकारियों से तालमेल बनाए रखते हुए अभिभावकों व छात्र - छात्राओं के हितों को ध्यान रखने व संरक्षण किये जाने की अपेक्षा की गई है। इस नियुक्ति पर अधिवक्ता संघ गढ़ाकोटा के सभी अधिवक्ता साथियों विनोद कुमार पटेल, राजाराम कोरी, डी पी लड़िया, रमन पांडे, परसोत्तम कुर्मी, संदीप कुर्मी, प्रदीप कुमार नेमा, श्रीराम साहू सामाजिक कार्यकर्ता पत्रकार, विभिन्न विद्यालयों के पालक संघ के सदस्यों, अभिभावको, विद्यार्थियों इत्यादि ने शुभकामनाएं दीं हैं ।



### हजरत इमाम हसन हुसैन की याद में निकले ताजिया

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा में शहीदाने कर्बला हजरत इमामे हसन हुसैन की याद में ढोल नगाड़े अखाड़े के साथ निकले ताजिया जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए देर शाम कर्बला मैदान पहुंचे। जहां पर अखाड़े का प्रदर्शन किया गया इसी के साथ नगर की दोनों सवारिया ने शहर ग्रस्त करते हुए कर्बला मैदान पहुंची। इस अवसर पर प्रदेश के पूर्व मंत्री व क्षेत्रीय विधायक पंडित गोपाल भार्गव भी हर साल के मुताबिक इस साल भी कर्बला मैदान पहुंचे जहां उन्होंने मुस्लिम समुदाय के लोगों से मुलाकात की और हुसैन की शहादत को लेकर याद किया। भार्गव ने अखाड़े में अपने हाथ दिखाएं । शहर मुस्लिम कमेटी के अध्यक्ष नासिर भाईजान, तहसीलदार गौतम ऋषि, थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे, दिनेश लहरिया, हाजी अनवर खान पार्षद, मुस्ताक खान, गोविंद पटेल, अजय नेमा, नीलेश दुबे सहित बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति देखी गई ।

**युवा मोर्चा ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण**

# अभियान में पौधरोपण ही नहीं, बल्कि लगाए गए पौधों का संरक्षण भी करना है: युमो अध्यक्ष यश अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष यश अग्रवाल के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना और पौधरोपण के माध्यम से प्रकृति को संरक्षित करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया उपस्थित रहे।

आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया, यश अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ मिलकर विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। इस अवसर पर कुल 100 पौधों का रोपण किया गया, जिसमें नीम, पीपल, आम और जामुन जैसे विभिन्न प्रजातियों के पौधे शामिल थे।

जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान न केवल पर्यावरण को सुधारने का एक प्रयास है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

यश अग्रवाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण की दिशा में जिस अभियान की शुरुआत की है, इस अभियान के तहत हमें पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में ज्यादा से ज्यादा पौधा रोपण करना है। उन्होंने बताया कि यह अभियान सिर्फ एक दिन का नहीं है, बल्कि इसके तहत लगाए गए पौधों की निरंतर देखभाल और संरक्षण भी महत्वपूर्ण है। पौधरोपण न केवल पर्यावरण के लिए फायदेमंद है, बल्कि यह हमें प्रकृति के करीब लाता है और हमारे स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है।

## खबर संक्षेप

### लायंस क्लब ने किया पौधों का वितरण



**टीकमगढ़।** लायंस क्लब टीकमगढ़ ने शहर के बीच स्थित एक रेस्टोरेंट के बाहर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम अंतर्गत शहर के नागरिकों को और राहगीरों को पौधरोपण के लिए 150 पौधे वितरण किया गया ।

लायंस क्लब द्वारा वर्तमान परिवेश में पौधों और पेड़ों की महत्वत्ता को सभी को समझाते हुए पौधों की सुरक्षा और संरक्षण का वचन लेते हुए नागरिकों और राहगीरों की पसंद अनुसार आम, अमरूद, आंवला, मीठी नीम, कटहल, पान, अशोक, बेल इत्यादि पौधे वितरित किए पौध वितरण कार्यक्रम में अध्यक्ष लायन सुजाता गौरव जैन, सचिव डॉ. निधि नितिन सकेरा एवं कोषाध्यक्ष रितु विकास अग्रवाल एवं सदस्य कपिल जैन, अनिल भदौरा, जिनेन्द्र जैन, डॉ नितिन सकेरा, पुनीत पोतदार, कुमार गौरव जैन, विकास अग्रवाल, अंशुल जैन, रत्नेश जैन, रजनी पूनम जायसवाल और डॉ. अभिषेक जैन उपस्थित रहे। पेड़ों बिना हो जायेगा जीवन अपूर्ण, पौधरोपण करके करो प्रकृति को परिपूर्ण।

### रोपे गए पौधे, जो कल देंगे हम जीवनदान



**टीकमगढ़।** आज का लगाया गया एक-एक पौधा आने वाले कल में यह वृक्ष बन कर जहां हमें धूप में छाया प्रदान करेगा वहीं फलदार पौधे हमें विभिन्न प्रकार के फल देकर हमारे मुंह का स्वाद भी बढ़ाएंगे इस लिए प्रत्येक व्यक्ति को एक-एक पौधा जरूर लगाना चाहिये ताकि हमें धूप से बचने के लिए वृक्ष और स्वाद के फल आसानी से मिल सके साथ ही पर्यावरण की सुरक्षा भी संभव हो सके। यह विचार गुरुनानक संस्कार सीनियर सेकंडरी स्कूल स्कूल की प्राचार्य दर्शन कौर ने पुलिस लाइन प्रांगण पर स्कूल के 24वं स्थापना दिवस के मौके पर छात्र-छात्राओं द्वारा पाधरोपण अवसर पर व्यक्त किये। उन्होने कहा कि जहां वृक्ष हमें पर्यावरण को षुद्ध रखने में सहायता करते है तो वही घूप से छांव देकर हमे फल भी प्रदान करते है इस लिए हमारा कर्तव्य है कि आज प्रत्येक व्यक्ति एक-एक पौधा जरूर लगाये और उसकी सुरक्षा भी करें ताकि यह आज लगाये गए पौधे कल वृक्ष का रूप धारण कर सके । इसी अवसर पर यातायात प्रभारी कैलाश पटैल व सूवेदार उत्तम सिंह ने भी छात्र-छात्राओं द्वारा किये गए पौधरोपण की सराहना करते हुए कहा कि जिस तरह स्कूली छात्र-छात्राओं का बचपन होता है उसी तरह पौधो का भी अभी बचपन है इस लिए जिस तरह बच्चों के माता पिता अपने बच्चों की रक्षा करते है उसी तरह हमें मिल कर आज लगाए गए पौधो की रक्षा करना है ताकि यह कल वृक्ष का रूप धारण कर सके। संस्था के 24वें स्थापना दिवसपर ही गुरु हरकिशन सीनियर सेकंडरी स्कूल में पुलिस अधीक्षक रोहित कासवानी ने संस्था के सभा कक्ष में छात्र-छात्राओं को नये लागू किये गए कानून की जानकारी से अवगत कराया।

## भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर विकास ने लिखा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र



टीकमगढ़। देश भर के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के प्रत्येक घर में पानी की सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2019 को जल जीवन मिशन योजना का शुभारम्भ किया था। इस योजना के तहत प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के लिये भी शासन द्वारा करोड़ों रूपये स्वीकृत किये गये हैं, परन्तु योजना से जुड़े अधिकारी एवं ठेकेदार की जुगलबंदी से यह योजना जिले में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है और शासन की मंशानुरूप लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। उक्त योजना में हो रहे भ्रष्टाचार की जाँच कराने की माँग को लेकर भाजपा नेता विकास यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है। प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में बताया कि जिले में उक्त योजना का लगभग आधा कार्य मध्यप्रदेश महाप्रबंधक जल निगम मर्यादित परियोजना क्रियान्वयन इकाई छतरपुर द्वारा इन्वायरो इन्फ्रा इंजीनियरिंग लिमिटेड से कराया जा रहा है। निगम एवं कम्पनी के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा टीकमगढ़ की अवैध कॉलोनियों में कालोनाईजर से सांठ-गांठ कर पाइप लाइन डाल दी गई थी जिसकी शिकायत उनके द्वारा पूर्व में की गई थी तो निगम द्वारा आनन-फानन में उक्त बिछाई गई पाइप लाइन की राशि 16 लाख 90 हजार 630.78 रूपये की वसूली कम्पनी से की गई। इस प्रकार शिकायत की इतिश्री कर ली गई। जबकि न तो निगम के दोषी अधिकारी-कर्मचारियों पर कोई कार्यवाही की गई और न हीं कम्पनी पर कोई ठोस कार्यवाही की गई। जिस कारण निगम और कम्पनी दोनों के अधिकारी-कर्मचारियों के हौसले और भी बुलन्द हो गये इसके अलावा टीकमगढ़ जिले का शेष आधा कार्य लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी टीकमगढ़ द्वारा कराया जा रहा है। इसमें विभाग के सहायक यंत्री, उपयंत्री एवं ठेकेदारों की सांठ-गांठ से बेहद घटिया स्तर का कार्य कराया जा रहा है। जिले में इस योजना की गाईड लाईन के अनुसार एक मीटर गहराई में पाइप लाइन नहीं डाली जा रही है, न स्टेण्ड पोस्ट बनाये जा रहे हैं, कनेक्शन घरों में न कर घर के बाहर रोड़ किनारे बिना टोंटी के सांटा डाले जा रहे हैं और न हीं रोड रेस्टोरेशन किया जा रहा है। अनेक ग्रामों में जलस्त्रोत न होने पर भी योजना बनाकर शासन का करोड़ो रूपये बर्बाद किया जा रहा है। घटिया निर्माण व नाली में पाइप लाइन डाली जाने के कारण टीकमगढ़ के मिनौरा एवं अमरपुर में गंदा पानी पीने के कारण डायरिया फैलने से बड़ी संख्या में लोग बीमार हुए हैं। बुड़ेरा के डोंगरपुर ग्राम जो डूब क्षेत्र में है, करोड़ो रूपया बर्बाद किया गया है।

## बच्चों को नए आपराधिक अधिनियमों की जानकारी देकर किया गया जागरुक




हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिल के एक प्राइवेट स्कूल में पुलिस द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें हाल ही में लागू किए गए 3 नवीन अपराधिक अधिनियम-2023, साइबर क्राइम, यातायात नियमों की जानकारी पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी के द्वारा दी गई। इस दौरान एसपी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम के मार्गदर्शन में गुरुवार को भगवान महावीर बाल संस्कार केन्द्र, टीकमगढ़ में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को जागरुक किया गया। विद्यार्थियों को 3 नवीन अपराधिक अधिनियम 2023, सड़क सुरक्षा, गुड सेमेरिटन (नेक व्यक्ति) योजना एवं साइबर-सुरक्षा के विषय में अवगत कराया गया। छात्र-छात्राओं को जागरुकता पंपलेट वितरित किए गए। छात्र-छात्राएँ, प्राचार्य, प्रबंधन समिति सदस्य, शिक्षकगण एवं पुलिस अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**टीकमगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गुरूवार को कृषि महाविद्यालय टीकमगढ़ में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत महिला केन्द्रित विषयों पर 100 दिवसीय विशेष गतिविधियों के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ऋजुता चौहान द्वारा छात्र-छात्राओं को मिशन शक्ति कार्यक्रम एवं नवीन न्याय संहिता की जानकारी दी गई।

# पहले चुराई थी रद्दी, इस बार कार की चाबी कर दी पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



इन दिनों चोरों के हौंसले बुलंद है जिससे वह कहीं भी हाथ मारने में हिचकिचाते नहीं है। ऐसा ही मामला शहर में मंगलवार रात देखने को मिला जहां महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष पूनम जायसवाल के घर चोरी की घटना के रूप में सामने आया है। मंगलवार देर रात करीब 11:30 बजे अज्ञात युवक घर का चैनल खोलकर बरामदे में घुसा और चार पहिया वाहन की चाबी लेकर भाग गया। चोरी की घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। उन्होंने मामले की शिकायत कोतवाली थाने में दर्ज कराई है। जहां पूनम जायसवाल के पति प्रणव जायसवाल ने बताया कि रात करीब 11 बजे घर से बस स्टैंड स्थित दफ्तर की ओर निकले थे। रात करीब 12 घर लौटे, लेकिन उसे समय ध्यान नहीं दिया। गुरुवार सुबह जब स्कॉर्पियो गाड़ी की चाबी देखी तो नहीं मिली। इसके बाद घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की गई।

जिसमें रात करीब 11:30 बजे एक युवक को चैनल गेट खोलकर घर के बरामदे में घुसते हुए देखा गया। चोर ने सीधे बरामदे में टंगी गाड़ी की चाबी उठाई और भाग गया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उन्होंने कोतवाली थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

### पहले घट चुकी है घटना पूर्व में चोरी हुआ था अन्य सामान

प्रणव जायसवाल ने बताया कि करीब 1 साल पहले अज्ञात चोर घर के बरामदे में रखी पेपर की रद्दी चुरा कर ले गया था। उन्होंने बताया कि मंगलवार रात सीसीटीवी में दिखाई दे रहे चोर का हुलिया उसी से मिलता जुलता है। पिछले साल भी उन्होंने चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके साथ ही प्रणव जायसवाल बस ऑपरेटर हैं। हिसाब किताब करने देर रात तक पुराना बस स्टैंड स्थित दफ्तर में बैठते हैं। उन्होंने बताया कि लगभग हर दिन रात 12:30 बजे घर लौटते हैं। मंगलवार रात भी 12 बजे घर लौटे थे। देर रात लौटने के कारण घर का चैनल खुला रहता है।

**आखिर मिल गई कार की चाबी :** इस मामले को कोतवाली पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए इस चोरी की घटना के आरोपी चोर को धर दबोचा तथा उससे उक्त स्कार्पियो वाहन की चाबी लेते हुए वाहन मालिक यानी महिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष के पति प्रणव जायसवाल के सुपुर्द की है। उन्होंने बताया कि उक्त आरोपी आदतन अपराधी प्रवृत्ति का है और आए दिन थाना कोतवाली सहित जेल जाता रहता है।

### सड़के व गलियां पटी पड़ी कचरे से, दुर्गंध के कारण निकलना हुआ दूभर

# नपा कर्मी की हड़ताल, सीएमओ पर अड़ियल रवैए का आरोप, पार्षद बोले हम भी देंगे धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



शहर की नगर पालिका के सफाई कर्मचारी गुरुवार से फिर हड़ताल पर चले गए हैं। सुबह से सफाई कर्मियों ने शहर की सड़कों पर साफ सफाई नहीं की। जिसके चलते जगह-जगह कचरे के ढेर नजर आ रहे हैं। कर्मियों का कहना है कि सीएमओ के अड़ियल रवैया के कारण हमारी वेतन वृद्धि नहीं हो पा रही है। दरअसल, नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर वेतन दिए जाने की मांग की जा रही है। 17 जून को सफाई कर्मचारियों ने इस मुद्दे को लेकर हड़ताल की थी। 18 जून को नपा अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ने बैठक बुलाकर चार सूत्रीय मांगों को पूरा करने का भरोसा दिलाया था। इसके बाद सफाई कर्मचारियों ने काम शुरू कर दिया था।

भारतीय सफाई कर्मचारी मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष ऋषभ करोसिया ने बताया कि पुरानी मांगों को लेकर आज से सफाई कर्मचारियों ने कामबंद हड़ताल शुरू की है। करीब 250 संविदा सफाई कर्मियों को कलेक्टर रेट पर भुगतान करने, 80 कर्मचारियों को नियमित करने, स्थायी कर्मचारियों को पदोन्नति, क्रमोन्नति का लाभ दिए जाने और सफाई कर्मचारियों को समय-समय पर सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने की मांग की गई है।

इसी के साथ उन्होंने बताया कि नपा अध्यक्ष ने 112 संविदा सफाई कर्मचारियों को कलेक्टर रेट उपलब्ध कराने के संबंध में सहमति जताई थी। प्रस्ताव पर अध्यक्ष और सभी पार्षदों ने हस्ताक्षर कर दिए थे, लेकिन सीएमओ गीता मांझी ने सहमति नहीं जताई है। जिसके चलते सफाई कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर एक बार फिर हड़ताल शुरू की गई है। जब तक सीएमओ को हटाया नहीं जाएगा, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। साथ ही नगर पालिका सीएमओ से भाजपा और कांग्रेस के पार्षद भी नाराज हैं। दो दिन पहले उन्होंने इस संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा था। नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि संजय नायक ने कहा कि सीएमओ के रवैया के कारण शहर का विकास थम गया है। उन्हें हटाए जाने को लेकर सभी पार्षद धरने पर बैठेंगे।

इस मामले में सीएमओ गीता माझी का कहना है कि सफाई कर्मचारियों की वेतन बढ़ाए जाने की फाइल पर अध्यक्ष और पार्षदों ने हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन परिषद की बैठक में प्रस्ताव पास नहीं हुआ है। जब परिषद की बैठक में प्रस्ताव पास होगा, उसके बाद ही कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर वेतन का लाभ मिलेगा।

# इमाम हुसैन की याद में जिले भर में निकाले गए ताजिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



बुधवार को हजरत पैगंबर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन की शहादत की याद में मोहर्रम का मातमी पर्व मुस्लिमों ने पूर्ण अकीदत व अहतराम के साथ मनाया। अकीदतमंदों ने ताजिये का जुलूस निकाला। मोहम्मदी रंग में रंगे मुस्लिम समुदाय ने या अली या हुसैन के नारे लगाकर व ढोल-ताशों की गूंज पर करबला की जंग को ताजा कर दिया। इस अवसर हिंदू व मुस्लिम समाज के लोगों ने शिरकत कर कौमी एकता व आपसी भाईचारे का संदेश दिया।

बैठक में बताया था कि 17 जुलाई को शाम 5 बजे अपने-अपने स्थल से ताजिया तैयार होकर रात्रि 9 बजे तक मानस मंच तक एकत्रित होगे रात्रि 10 बजे नजरबाग, मिश्रा चौराहा, कटरा बाजार, छोटीदेवी मंदिर, स्टेट बैंक चौराहा होते हुए वापिस मानस मंच आएगे एवं रात्रि 11 बजे से रवाना होंगे तथा गांधी चौराहा, स्टेट बैंक चौराहा, सुभाष बुक डिपो, एसडीओपी ऑफिस, तालदरवाजा होते हुए शासन द्वारा निर्धारित विसर्जन कुण्ड पर पहुंचे इसी के साथ रात्रि में 3-4 बजे तक विसर्जित हुए।

साथ ही विसर्जन कुण्ड के पास पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, नाव सहित गोताखोर मय उपकरण के एवं केन व्यवस्था की गई। इमरजेंसी में एक फायर बिग्रेड, चिकित्सा वाहन मय चिकित्सक टीम के रखे गए। काशवानी ने कहा कि सावन सोमवार को कुण्डेश्वर मंदिर भक्त बड़ी संख्या में जाते हैं। इसके लिए कुण्डेश्वर में पर्याप्त पुलिस व्यवस्था हो आवागमन मार्ग में पर्याप्त साफ सफाई रही। उन्होंने कहा कि अषाड़ी मेलो का आयोजन हर मंगलवार को किया जाता है। इस के लिए सुरक्षा व्यवस्था की गई ।

### हाइड्रोलिक ताजिया रहा आकर्षण का केन्द्र

मोटे के मोहल्ला में दो एक जैसे ताजिया बनाए, टीकमगढ़ शहर में मोहर्रम पर्व पर मुस्लिम समाज के लोगों ने ताजिया निकाले। बुधवार की शाम से ताजिया अपने स्थान से उठकर शहर भ्रमण करने निकले। इस दौरान जगह-जगह फातहा पढ़ी गई। सभी ताजिया मुख्य मार्गों से होते हुए मानस मंच पर एकत्रित हुए। बदान मोहल्ला का हाइड्रोलिक ताजिया आकर्षण का केंद्र रहा। जो हाइड्रोलिक मशीन से उठने के बाद सबसे ऊंचा रहा। वहीं मोटे के मोहल्ला में दो एक से ताजिया बनाए गए, जिनकी एक सी सजावट रही। मानस मंच पर ताजिया देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। वही इसके बाद रात 10 बजे कर्बला के लिए रवाना हुए। मातमी धुनों के बीच ताजिया निकाले गए। उसके बाद उन्हें ठंडा कर दिया गया।

### गत 9 से आगामी 3 अगस्त तक होंगे मेले आयोजित

उन्होंने बताया कि थाना कोतवाली के अन्तर्गत 9 को बोरी हनुमान मंदिर, 16 को हनुमान चालीसा, 23 को धूरकोट मंदिर, 30 जुलाई को रोरईया मंदिर, 2 अगस्त को भैरव मंदिर तालदरवाजा, 3 अगस्त को सिविल लाइन रोड स्थित मंशापूर्ण हनुमान मंदिर, 6 अगस्त को झीर की बगिया हनुमान मंदिर, एवं 13 अगस्त को जरिया के हनुमान मंदिर में यातायात की व्यवस्था की जाये। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, जिला पंचायत सीईओ नवनीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर पीएस चौहान, एसडीएम टीकमगढ़ संजय कुमार दुबे, डीएसपी दिलीप पांडे, रक्षित निरीक्षक विशाल मालवीय थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# सीएम हेल्पलाइन में झूठी शिकायत पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कस्बा बागरोद

मप्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना सीएम हेल्पलाइन गलत उपयोग करना एवं झूठी शिकायत करने पर त्योंदा तहसीलदार ने दो अलग अलग मामलों में संबधित शिकायतकर्ताओं के खिलाफ त्योंदा थाना प्रभारी को प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई के लिए लिखित आदेश दिया है।

एक मामला त्योंदा तहसील के ग्राम सुमेर दांगी का है। यहां के राकेश मालवीय ने सीएम हेल्प लाइन नंबर 181 पर शिकायत दर्ज कराई कि आदित्य एवं मनीष विश्वकर्मा मेरी जमीन पर अतिक्रमण एवं अवैध कब्जा किए हैं और जमीन को धोखे से अपने नाम करा लिया। जिसके निराकरण के लिए तहसीलदार त्योंदा ने हल्का पटवारी से मौके पर जांच कराई। जिसमें पाया कि शिकायतकर्ता राकेश के पिता कंछेदी पुत्र हल्कु ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से 19 जून 2019 को आदित्य, मनीष विश्वकर्मा को जमीन बेची। विक्रय पत्र पर कंछेदी के निशानी अंगूठे के निशान भी लगे हैं। रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण स्वीकृत किया। शिकायतकर्ता को अवगत भी कराया गया। इसके बाद भी सीएम हेल्प लाइन पर शिकायत कर दी गई। तहसीलदार अवदेश यादव ने बताया कि राजस्व विभाग के द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के संबंध में कोई कार्रवाई करना संभव नहीं है।

### सम्मान निधि मिलने के बाद भी कर दी शिकायत

शिकायतकर्ता सोनू रघुवंशी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किस्त नहीं आने की शिकायत की। पटवारी से जांच कर प्रतिवेदन लिया गया। जिसमें पाया की शिकायतकर्ता को प्रधानमंत्री की 16वीं किश्त प्राप्त हो चुकी है। साथ ही मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की 5 किश्तों का भुगतान हो चुका है। 2 किस्त अपडेट में हैं। उक्त शिकायत भी झूठी पाई गई। तहसीलदार अवदेश यादव ने शिकायतकर्ता के विरुद्ध प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज करने के भी आदेश दिए हैं। थाना प्रभारी त्योंदा ने बताया कि तहसीलदार से दो प्रकरणों मे रिपोर्ट दर्ज करने का पत्र प्राप्त हुआ है।

# लायंस क्लब इंटरनेशनल की रीजन मीट हुई 16 क्लबों के पदाधिकारियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



होटल ग्रैंड अशोका में रीजन चेयरपर्सन लायन संध्या शिलाकारी द्वारा लायंस क्लब इंटरनेशनल की रीजन मीट आयोजित की गई। वे सत्र 24- 25 की रीजन चेयर पर्सन नियुक्त की गई हैं।

सत्र के आरंभ में ही उन्होंने 16 क्लबों के पदाधिकारियों को आमंत्रित कर स्कूलिंग का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि अतुल शाह, मुख्य वक्ता कमल भंडारी, विशेष अतिथि राम लखन यादव एवं विदिशा से शशि अग्रवाल एवं रीजन एडवाइजर शरद विश्वकर्मा टीकमगढ़ से पधारे। रीजन कोऑर्डिनेटर मुदित बंसल एवं डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन रवि उपाध्याय कार्यक्रम के प्रभारी रहे। सभी स्पीकर अतिथियों द्वारा 2 घंटे की स्कूलिंग आयोजित की गई। जिसमें सागर, टीकमगढ़, गंजबासौदा, सांची, शमशाबाद, विदिशा के 16 लायंस क्लब पदाधिकारी ने भाग लिया। चारों जॉन चेयरपर्सन लायन आरती शर्मा, रेखा गुप्ता, राजेश जैन प्रीत एवं रोमांस नायक द्वारा भी उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम का संचालन रीजन चेयरपर्सन संध्या सिलाकारी द्वारा किया गया। अंत में वरिष्ठ लायन लीडर सीएल गोयल द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### बेतवा उत्थान समिति ने पहाड़ी पर पहुंचकर किया पौधरोपण

# देवशयनी एकादशी पर की उदयगिरि परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



मप्र प्रांतीय पुजारी महासभा ने मासिक उदयगिरि परिक्रमा के तहत बुधवार को देवशयनी एकादशी के अवसर पर बालाजी मंदिर से सुबह 7 बजे परिक्रमा शुरू की।

मप्र प्रांतीय पुजारी महासभा के प्रदेशाध्यक्ष एवं परिक्रमा के संचालक पंडित संजय राजपुरोहित ने बताया कि भगवान बालाजी एवं परिक्रमा ध्वज का पूजन कर प्रारंभ हुई परिक्रमा रामघाट बेहरा बाबा घाट, महल घाट, शनि मंदिर होते हुए पुट्ठा मिल माधोपुर उदयगिरि एवं उदयगिरि पर्वत की पवित्र गुफाओं का दर्शन करते हुए श्री चरण तीर्थ धाम पर बेतवा का पूजन किया गया। इसके बाद बालाजी मंदिर आकर यात्रा समाप्त हुई। इस बार की परिक्रमा में किसान वर्ग और सामान्य वर्ग को लाभ की कामना की गई। प्रार्थना की गई। परिक्रमा में प्रमुख रूप से गजेंद्र प्रताप सिंह, जसवंत सिंह, सरदार कुशवाह, सरपंच सोनू कुशवाह, रघुवर दयाल उपाध्याय, विनोद श्रीवास्तव, उमेश ताम्रकार, विजय श्रीवास्तव, मूलचंद केवट, रामगिरी साहू, हल्के पटेल, सुदर्शन विश्वकर्मा, भुजबल विश्वकर्मा, रामेश्वरी, मलखान सिंह, नेतराम कुशवाह आदि शामिल हुए।

**उदयगिरि पहाड़ी पर रोपे पौधेः** विदिशा। बेतवा उत्थान समिति के सदस्य व नियमित श्रमदानिओं ने उदयगिरि पहाड़ी पर दर्जनों पौधे लगाए। श्रमदानियों ने नीम के बीज से तैयार कर 500 सीडवाल उन स्थानों पर फैकी गई जा गड्डे करने की गुंजाइश नहीं थी। उदयगिरि पहाड़ी पर लगाए गए पौधों में अर्जुन एवं नीम प्रजाति के पौधों की संख्या अधिक रही । समिति द्वारा 5000 सीडवाल तैयार कर शहर के ऐसे स्थानों पर फैकी जाएंगी जिन स्थानों को हराभरा करने की आवश्कता है। उन स्थानों पर गड्डे करना एवं पहुंचपाना कठिन है। समिति द्वारा गुरू पुर्णिमा के दूसरे दिन 22 जुलाई को लुहांगी पहाड़ी के ऊपर श्रमदान कर पौधरोपण किया जाएगा। उदयगिरि पहाड़ी पर श्रमदान व पौधरोपण के दौरान अतुल शाह, नीलकंड पंडित, संजय प्रधान, हितेन्द्र रघुवंशी, जितेंद्र दुबे, विनय जैन, रमेश मोदी, शिवराज सिंह दांगी, रघुवीर राठौर, सत्यनाराण नामदेव आदि मौजूद थे।



## बिजली पानी की समस्या को लेकर किसानों और कांग्रेस ने घेरी कलेक्ट्रेट, सौंपे ज्ञापन

# ज्ञापन प्रदर्शनों के नाम रहा गुरुवार, विभिन्न संगठनों ने शासन प्रशासन से लगाई गुहार



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

गुरुवार का दिन धरना प्रदर्शनों के नाम रहा। इस दिन जहां बिजली पानी की समस्या को लेकर किसान संगठन और कांग्रेस ने अलग-अलग समय पर कलेक्ट्रेट पहुंच कलेक्टर लोकेश कुमार के नाम ज्ञापन प्रदर्शन कर सोपे, वही सरपंच एकता महासंघ ने मनरेगा को लेकर तो कोटवार महासंघ ने भत्ता बढ़ोतरी को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिए।

बिजली पानी की समस्या को लेकर युवा कांग्रेस के बैनर तले कांग्रेसियों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट का घेराव कर कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड को 7 बिंदुओं वाला ज्ञापन सौपा,जिसमें रबी सीजन की फसलों के लिए पर्याप्त मात्रा में बिजली आपूर्ति और चंबल नहर से पानी की सप्लाई कराए जाने की मांग प्राथमिकता से अंकित की गई है। नव नियुक्त युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राम भरत मीणा के आह्वान पर विधायक बाबू जंडेल सहित कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मार्च निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, किसानों को बिजली पानी मुहैया कराने के बहाने कांग्रेसियों ने राज्य सरकार को भी आड़े हाथों लिया। इस दौरान कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को दिया गया। इस दौरान पूर्व नपा अध्यक्ष दौलत राम गुप्ता, प्रदेश कांग्रेस सचिव राम लखन हिरनी खेड़ा, किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष रितेश सिंह तोमर, राहुल सिंह चौहान, हंसराज रावत, विधायक प्रतिनिधि मांगीलाल फौजी, सिराज दाऊदी, पार्षद सुमेर सिंह बेरवा, इंसाफ़ खान बडौदा आदि मौजूद रहे।



### सरपंच एकता महासंघ ने दिया ज्ञापन

सरपंच एकता महासंघ ने लामबंद होकर मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मनरेगा में हुए बदलाव को जन विरोधी एवं पंचायत अधिकारों का हनन करने वाला बताते हुए स्थगित करने की मांग की है। कलेक्ट्रेट पहुंचकर सीएम के नाम दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि हाल ही में सरकार ने मनरेगा निर्माण कार्य में पक्के निर्माणों को हटा दिया है पंचायत अब तक के निर्माण का कोई भुगतान मनरेगा में नहीं होगा जबकि पंचायत में बड़ी संख्या में पक्के निर्माण कार्य चल रहे हैं ऐसी स्थिति में उनका भुगतान अटक जाएगा। ग्राम पंचायत में संचालित पुराने निर्माण कार्य का भुगतान कराया जाए और मनरेगा में बदलाव को स्थगित किया जाए।



### कोटवार संघ ने ज्ञापन सौंप मांगा बढ़ा हुआ वेतन

मध्य प्रदेश कोटवार संघ ने भी वेतन वृद्धि को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि कोटवारों को हर साल वेतन में 500 रूपए की वृद्धि की जाती है। लेकिन इस साल की गई वृद्धि के 500 रूपए वेतन में जोड़कर नहीं दिए जा रहे हैं, नियम अनुसार 500 रूपए वेतन में जोड़कर दिए जाने की मांग करते हुए कोटवारों ने चेतावनी दी है कि वेतन पूरा नहीं देने पर वह हड़ताल कर सड़कों पर उतरने को मंजूर हो जाएंगे।

### चढूनी ने सौंपा ज्ञापन, दी उग्र प्रदर्शन की चेतावनी

बिजली पानी की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) ने भी प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम मूंडला के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर सौपे गए ज्ञापन में चंबल नहर से पानी छोडे जाने, बिजली के कम वोल्टेज एवं अघोषित बिजली कटौती को बंद करने की मांग प्राथमिकता से अंकित की गई है। मांगें पूरी नहीं होने पर किसानों द्वारा सड़कों पर उतरकर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। इस दौरान नाथू लाल सोई, रामेश्वर आसीदा, हरिमोहन गोहेड़ा, रामराज पच्छीपुरा, बाल मुकंद धनखेडा, हनुमान मूंडला, राकेश बगवाड़ा, गौरी शंकर हिरनीखेडा, लोकेंद्र, कमलेश, देवकी नंदन, धनराज, महेश, निरंजन आदि किसान मौजूद रहे।



## काफी समय से प्रभारी के भरोसे चल रही थी परिषद

# विजयपुर नगर परिषद को मिला सीएमओ, दूर होगी अव्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

लंबे समय से सीएमओ के विहीन संचालित हो रही नगर परिषद विजयपुर को अतर सिंह रावत के रूप में नए प्रभारी सीएमओ मिल गए हैं। ज्ञात हो कि इससे पहले अमजद गनी पर विजयपुर नगर परिषद सीएमओ का प्रभार तो था लेकिन उन पर कैलारस नगर परिषद का भी प्रभार होने के चलते वे अपना अधिकतर समय कैलारस में ही व्यतीत करते थे। इसकारण विजयपुर नगरवासियों को काम कराने में दिक्कत आती थी। वहीं शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन भी उस गति के साथ नहीं हो पा रहा था, जिसे गति के साथ होना चाहिए था। लेकिन अब यह सब दिक्कत मिट जाएगी और विजयपुर नगर परिषद में निर्मित बनी अव्यवस्था भी मिट जाएगी। क्योंकि अब नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा जारी किए गए स्थानांतरण आदेश के तहत नगर परिषद गौरमी जिला भिंड में प्रभारी सीएमओ के पद पर पदस्थ अतर सिंह रावत को नगर परिषद विजयपुर का प्रभारी सीएमओ नियुक्त किया गया है।

अतर सिंह के विजयपुर नगर परिषद में सीएमओ पदस्थ होने के बाद अब सीएमओ के विजयपुर में बैठने की समस्या का भी निदान हो जाएगा। यहां बताना होगा कि कलेक्टर लोकेश कुमार ने भी सीएमओ अमजद गनी को सप्ताह में दो बार विजयपुर मुख्यालय पर बैठने के निर्देश दिए थे और शासन से विजयपुर के लिए पृथक सीएमओ पद्धति की मांग भी की थी।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 सितंबर को

**श्योपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार एवं श्री राकेश कुमार गुप्त, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर के मार्गदर्शन में 14 सितंबर, को जिला न्यायालय, श्योपुर एवं तहसील न्यायालय विजयपुर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उक्त नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, सिविल प्रकरण, बैंक रिकवरी, एन.आई.एक्ट की धारा 138, क्लेम प्रकरण, लेबर डिस्प्यूट, विद्युत एवं जलकर, पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, राजस्व प्रकरण (जिला न्यायालय में लंबित) के साथ-साथ विभिन्न विभागों के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में एन.आई.एक्ट की धारा, 138, क्लेम प्रकरण, लेबर डिस्प्यूट, विद्युत एवं जलकर तथा अन्य राजीनामा योग्य पारिवारिक प्रकरण, आपराधिक प्रकरण एवं सिविल प्रकरणों का निराकरण भी किया जायेगा। जो पक्षकार राजीनामा के माध्यम से अपने प्रकरणों का निराकरण कराना चाहते हैं वे कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते हैं।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में विजयपुर में जनसुनवाई आज

**श्योपुर।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड की अध्यक्षता में 19 जुलाई को विजयपुर में जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। जनसुनवाई में जिला स्तर के सभी अधिकारी उपस्थित रहेंगे। जनसुनवाई जनपद सभागार विजयपुर में 11 बजे से होगी। उल्लेखनीय है कि विजयपुर विकासखण्ड मुख्यालय पर प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को कलेक्टर की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन नियत किया गया है, तीसरे बुधवार को मोहर्रम अवकाश होने के चलते 19 जुलाई को सुबह 11 बजे से जनसुनवाई होगी।

## देवशयनी एकादशी पर 21 मिनट में 21 लाख पौधे लगाने का दावा

# समूह की महिलाओं ने पहले रोपे अपनी मां और सासू मां के नाम पौधे फिर जलाया चूल्हा



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विभिन्न सरकारी स्कूलों में पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत भोजन पका कर खिलाने वाली महिलाओं ने गुरुवार को पहले देवशयनी एकादशी मनाते हुए दो-दो पौधे स्कूल परिसर में रोपे उसके बाद चूल्हा जलाया। समूह संघ का दावा है कि उसने 21 मिनट के भीतर प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में एक साथ 21 लाख पौधे लगाकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। प्रांतीय समूह संघ की जिला अध्यक्ष सुनीता नायक ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष सरिता ओमप्रकाश बघेल के निर्देश पर पूरे प्रदेश में देवशयनी एकादशी के अवसर पर महिला स्व सहायता समूहों ने स्कूल परिसर में दो-दो पौध रोपण किए हैं। एक पौधा मां के नाम और एक पौधा सासू मां के नाम लगाया। सुबह 11 से 11:21:00 तक चले पौधारोपण में पूरे प्रदेश में 21 लाख से अधिक पौधो का रोपण किया गया। इस दौरान हड़ताल को लेकर संशय की स्थिति भी उस समय समाप्त हो गई जब गुरुवार को महिला समूह ने किचन शैडो के ताले खोल भोजन बनाया ज्ञात हो कि 16 जुलाई को प्रदेश व्यापी हड़ताल के चलते सरकारी स्कूलों में भोजन नहीं बनाया गया था।



### छात्राओं ने किया पौधा रोपण

शासकीय कन्या महाविद्यालय श्योपुर के परिसर में छात्राओं ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। इस कार्यक्रम में एनएसएस जिला संगठक डॉ ओमप्रकाश शर्मा, शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय श्योपुर के प्रभारी प्राचार्य अरविन्द कुमार दोहरे, सहायक प्राध्यापक डॉ परवीन वर्मा, डॉ अभिलाषा मरावी, डॉ राधा बडोले, डॉ शकरी चौहान, डॉ सरलेश कौशल, कविता यादव, वैदांकी खण्डेलवाल, निशा वर्मा, डॉ ललिता सिकरवार, अंजली दादौरिया, डॉ कुसुम पाठक, खेमराज आर्य, डॉ महेश कुशवाहा, रामदयाल मकवाना, रवि यादव, अजीत सिंह, विकास जाट, प्रकाश अहिरवार डॉ वीरेन्द्र सिंह, डॉ नरेंद्र ठाकुर, डॉ राहुल कुशवाह, डॉ कल्याण सिंह कुशवाह आदि ने भी पोध रोपण में सहयोग किया।

# राष्ट्रीय बचत बैंक सहकारी संस्था के 10 डायरेक्टर निर्वाचित, 22 को होगा अध्यक्ष का चुनाव



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

राष्ट्रीय विकास बचत सहकारी संस्था मर्यादित श्योपुर में डायरेक्टर के चुनाव प्रकिया गुरुवार को आयोजित हुई। जिनमें 6 सदस्य निर्वाचित हुए, इससे पहले चार सदस्य पूर्व में निर्विरोध निर्वाचित हुए थे निर्वाचित डायरेक्टर अब 22 जुलाई को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद का चुनाव अपने बीच करेंगे।

निर्वाचन अधिकारी रवि कुमार ने बताया कि संस्था के लिए के 11 पदों के लिए 12 मार्च को चुनाव कराए गए थे जिसमें 12 नामांकन अवैध पाए गए और चार नामांकन वैध पाए गए जिनमें सैयद हामिद अली नकवी, तस्नीम कुरेशी, रिहाना कुरेशी एवं भीमसेन सिंह जादोन को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया था। बचे सात पदों के लिए गुरुवार को चुनाव कराए गए जिसमें 6 डायरेक्टर का निर्वाचन मतदान के द्वारा हुआ निर्वाचित हुए डायरेक्टरों में मुकेश कुमार सोनी, खुर्शीद खान, जीतेंद्र शिवहरे, अब्दुल गफ्फार, देवकीनंदन बाथम, भूपेंद्र बेरवा के नाम शामिल है।

# रैन बसेरे में सुविधाएं बढ़ाएं, बगैर एनओसी के निर्माण कार्यों पर कार्रवाई करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




श्योपुर बस स्टैण्ड पर संचालित रैन बसेरे में ओर अधिक यात्री सुविधाओं को बढाया जाए तथा रैन बसेरे की बेड क्षमता को 15 से बढाकर 25 किया जाए। इसके साथ ही बगैर एनओसी जारी भवनों के निर्माण कार्यों पर कार्यवाही की जाए। यह निर्देश कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड ने गुरूवार को कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित शहरी विकास अभिकरण की बैठक में उपस्थित अधिकारियों को दिए। बैठक में शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, सीएमओ श्योपुर सतीश मटसेनिया, बडौदा ओमप्रकाश आर्य, उपयंत्री पवन गर्ग सहित जलावर्धन योजना से जुडे अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड ने सीएमओ मटसेनिया को निर्देश दिए कि बगैर नगरपालिका की एनओसी के निर्माणाधीन भवन निर्माण पर वैधानिक कार्यवाही की जाए तथा संबंधित भवन मालिको को नोटिस जारी किए जाए तथा उन्हें हिदायत दी जाए कि एनओसी प्राप्त करने के बाद ही निर्माण कार्य कराए। इसके साथ ही अमले के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाए कि एनओसी प्राप्त करने के बाद ही भवन आदि के निर्माण कार्य संचालित हो। कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिए कि सांसद एवं विधायक निधि से स्वीकृत कार्यो को समयावधि में पूर्ण किया जाए। एसडीआरएफ योजना में स्वीकृत नाले के अप्रारंभ कार्य को पूरा कराया जाए। इसके साथ ही उन्होने स्वच्छता सर्वेक्षण अंतर्गत निर्धारित पैरामीटर्स अनुसार गतिविधियां संचालित करने के निर्देश भी दिये। उन्होने जलावर्धन योजना के तहत पाईपलाइन बिछाने के दौरान खोदी गई सडको के रिस्टोरेशन का कार्य समय सीमा में कराने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि पाइपलाइन डेमेंज होने की स्थिति में तत्काल मरम्मत कराई जाए। बैठक में सीएमओ सतीश मटसेनिया ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण अंतर्गत लिक्विड बेस्ट मैनेजमेंट अंतर्गत 29.88 करोड की डीपीआर बनाकर संचालनालय को भेजी गई है।

### भाजपा नेताओं से सीएम बोले पार्टी जीती तो खुद को समझो विधायक



**श्योपुर।** विजयपुर में होने वाले चुनाव को लेकर भाजपा हाईकमान ने जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक भोपाल में आयोजित की। इस दौरान भाजपा नेता मुख्यमंत्री से भी मिले। भाजपा नेताओं ने सीएम को जिले की समस्याएं बताईं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को विजयपुर में होने वाले उप चुनाव को हर हाल में जीतने की बात कहते देते हुए कहा कि विजयपुर में जीत हुई तो आप सब अपने आप को विधायक समझो। इससे पहले भाजपा नेता नेताओं की बैठक प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा ने लेते हुए विजयपुर उपचुनाव के बारे में दिशा निर्देश दिए। भाजपा नेताओं ने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से भी मुलाकात की। नरेंद्र सिंह तोमर ने भी विधानसभा चुनाव को प्रतिष्ठापूर्ण बताते हुए आपसी मतभेद भुलाने की बात कही। बैठक का आकर्षण मुख्य रूप से पूर्व विधायक सीताराम आदिवासी रहे सूत्रों की मांने तो मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष की समझाइश के बाद सीताराम ने विजयपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लिए पूरी शक्ति लगा देने का भरोसा दिलाया है। इस दौरान सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, मंत्री रामनिवास रावत, भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र जाट, पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय, पूर्व विधायक ब्रजराज सिंह चौहान, महावीर सिंह सिसोदिया, डॉ गोपाल आचार्य, अशोक गर्ग, शशांक भूषण आदि मौजूद है।

## जिले को काफी दिनों से है झमाझम बारिश का इंतजार

# किसान हो रहे परेशान, 15 सालों में कभी मेहरबान तो कभी दगाबाज रहा मानसून

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले में मानसून की आमद दर्ज हो चुकी है। पिछले 15 सालों की बारिश का हिसाब - किताब देखा जाए तो मानसून कभी दगाबाज तो कभी मेहरबान रहा है। तीन साल पहले मानसून बेहतर होकर अतिवृष्टि में बदला तो श्योपुर जिले में बाढ आ गई। कई लोगों के घर ढह गए और कई लोग इससे प्रभावित हुए और जब मानसून दगाबाज रहा तो बोवनी पर असर हुआ। लेकिन फिलहाल श्योपुर जिले के किसानों को झमाझम बारिश का इंतजार बना हुआ है।

जिले में मानसून की बारिश की शुरुआत हो गई है। जिले में सबसे अधिक बारिश वर्ष 2021 में दर्ज की गई थी, जबकि बीते 15 सालों में सबसे कम बारिश वर्ष 2017 में दर्ज की गई। हालांकि मौसम से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार मानसून झमाझम होगा। लेकिन इस समय पूरे जिले के किसानों को झमाझम बारिश का इंतजार बना हुआ है,क्योंकि काफी दिनों जिले में झमाझम बारिश नहीं हो पाई है। सबसे ज्यादा बारिश का इंतजार उन किसानों को है, जो इस समय धान की फसल की लगा रहे हैं।



### 2021 में बारिश ने मचा दी थी तबाही

श्योपुर जिले के इतिहास में सबसे ज्यादा बारिश तीन साल पहले वर्ष 2021 में हुई थी। वर्ष 2021 के अगस्त महिने में बारिश इतनी तगडी हुई कि श्योपुर जिले में बाढ आ गई। सीप और अहेली नदी में आई बाढ ने जिले में तबाही मचा दी थी। सीप की बाढ से न सिर्फ शहर श्योपुर के निचले इलाकों के लोग घर से बेघर हो गए। बल्कि सोंईकलां से लेकर मानपुर तक के सीप नदी के किनारे बसे के गांव बाढ से तबाह हो गए। सीप नदी के दो बडे पुल सलापुरा के पास और मानपुर के पास बने पुल ढह गए, जो कि आज तक बनकर तैयार नहीं हो पाए है। सरोदा गांव के ग्रामीण तो तीन साल पहले आई बाढ का डर आज तक भी नहीं भूले है,पिछले दिनों जब सीप नदी में ऊफान आया तो बाढ के डर से सरोदा गांव के ग्रामीण अपने-अपने घरों को खाली करके सडक पर आ गए।

### तहसीलवार बारिश की स्थिति

| तहसील | औसत | गतवर्ष | इस वर्ष |
|---|---|---|---|
| श्योपुर | 822 | 679 | 405.6 |
| बडौदा | 822 | 797 | 630.4 |
| कराहल | 825 | 855 | 322.5 |
| विजयपुर | 819 | 941 | 190 |
| वीरपुर | 819 | 532 | 138 |
| कुल | 822 | 760.88 | 337.3 |

### अब तक हुई 337 मिमी बारिश

जिले में इस बार मानसून अभी तक कमजोर ही बना हुआ है। क्योंकि 18 जुलाई 2024 तक श्योपुर जिले में 337.3 मिमी ही बारिश हो सकी है। जबकि पिछले साल 18 जुलाई 2023 तक जिले में 365.5 मिमी बारिश हो चुकी थी। यानि इस बार अभी तक बारिश की स्थिति पिछले साल से भी कमजोर बनी हुई है। बता दें कि जिले की औसत बारिश 822 मिमी है

### 15 साल में हुई बारिश


| वर्ष | बारिश (मिमी में) |
|---|---|
| 2023 | 760.88 |
| 2022 | 1295.78 |
| 2021 | 1495.0 |
| 2020 | 635.2 |
| 2019 | 948.0 |
| 2018 | 945.5 |
| 2017 | 406.4 |
| 2016 | 849.0 |
| 2015 | 545.0 |
| 2014 | 718.7 |
| 2013 | 1117.6 |
| 2012 | 865.1 |
| 2011 | 1035.8 |
| 2010 | 581.1 |
| 2009 | 512.7 |

### प्रकृति में बदलाव से हो रहा असर

मौसम के जानकारों की माने तो मानसून पर सबसे बड़ा असर प्रकृति में हुए बदलाव से आया है। राजस्थान से सटे श्योपुर जिले में वैसे बारिश अच्छी होती है,लेकिन बीते कुछ सालों से मानसूनी बारिश का ग्राम कम होता जा रहा है। कई बार तो इतनी कम बारिश हुई कि जिले में अकाल की स्थिति निर्मित हो गई। इसकी वजह प्रकृति के तालमेल की कमी बताई जा रही है।

# बिजली सब स्टेशन में तोड़फोड़ करने के मामले में दर्जनभर ग्रामीणों पर मामला दर्ज

**ऑपरेटर की रिपोर्ट पर रघुनाथपुर थाना पुलिस ने दर्ज किया केस**




हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बिजली समस्या से परेशान ग्रामीणों के द्वारा रघुनाथपुर स्थित बिजली सब स्टेशन पर पहुंचकर वहां तोड़फोड़ करने और बिजली कंपनी ऑपरेटर की मारपीट करने सबंधी मामले में 12 ग्रामीणों पर एफआईआर दर्ज हो गई है। रघुनाथपुर थाना पुलिस ने ऑपरेटर की रिपोर्ट पर यह एफआईआर दर्ज की गई है। जिसमें 4 नामजद और 8 ग्रामीणों के नाम अज्ञात में लिखे गए है। बता दें कि बुधवार को सुमरेरा, कुम्हारपुरा, जगजीवन नगर आदि गांव के ग्रामीणों ने बिजली समस्या को लेकर रघुनाथपुर स्थित बिजली सब स्टेशन का घेराव करते हुए वहां की बिजली न सिर्फ बाधित कर दी थी,बल्कि तोडफोड करते हुए बिजली ऑपरेटर के साथ भी मारपीट कर दी गई थी।

इस मामले में रघुनाथपुर थाना पुलिस ने जांच की कार्रवाई के बाद बिजली कंपनी के संविदा ऑपरेटर राजपाल कुशवाह की रिपोर्ट पर पप्पू रावत निवासी कुम्हारपुरा, कल्ला रावत निवासी सुमरेरा, बत्तीलाल रावत निवासी सुमरेरा, दलजीत सिंह सरदार निवासी जगजीवन नगर तथा 8 अज्ञात सहित 12 ग्रामीणों पर शासकीय कार्य में व्यवधान सहित तोडफोड और मारपीट करने की धाराओं में पुलिस प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### गोदाम से 8 क्विंटल से अधिक पॉलीथिन बरामद

**शिवपुरी।** शहर के मुख्य बाजार से एक व्यापारी के गोदाम से 8 क्विंटल से अधिक अमानक पॉलीथिन बरामद हुई है। नगर नगर पालिका की टीम ने व्यापारी के गोदाम में दबिश देकर पॉलीथिन बरामद की। मुखबिर की सूचना पर से नगर पालिका के आरआई योगेश शर्मा टीम के साथ गुरुवार को मिर्ची बाजार पहुंचे। जहां बजरंग ट्रेडर्स के नाम से फर्म संचालित करने वाले मनीष गोयल के गोदाम से 8 क्विंटल 12 किलो 56 ग्राम अमानक पॉलिथीन को बरामद किया। नगर पालिका के आरआई योगेश शर्मा शर्मा का कहना है कि इस मामले में गोदाम मालिक पर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

### जिला अस्पताल से चकमा देकर भाग गई नवविवाहिता

**शिवपुरी।** जिला अस्पताल उपचार कराने के बहाने आई एक नवविवाहिता अपने पति को चकमा देकर अपने प्रेमी के साथ भाग गई। मुरैना जिले के रहने वाले पीड़ित पति ने इसकी शिकायत कोतवाली में दर्ज कराई है। मुरैना जिले के कन्हार थाना पहाड़गढ़ के रहने वाले पीड़ित पति ने बताया कि उसकी शादी शिवपुरी जिले के बैराड़ की रहने वाली युवती से ढाई माह पहले हुई थी। शादी में भी उलटा खर्चा करना पड़ा था। लड़की वालों ने दहेज भी नहीं दिया था। इसके बाद 11 जुलाई को साली की शादी थी। इस शादी में शामिल होने 1 जुलाई को उसकी पत्नी बैराड़ आ गई थी। वह घर से कुछ नकदी व जेवरात साथ ले आई थी। दो दिन बाद वह भी अपनी ससुराल आ गया थी। पीड़ित ने बताया कि शादी के पहले 8 जुलाई को उसकी पत्नी इलाज कराने जिला अस्पताल आई थी। लेकिन वह वापस आ गई थी। लेकिन शादी के बाद बीते रोज 17 जुलाई को जिला अस्पताल दवाई लेने की कहकर जाने लगी थी। तब वह भी उसके साथ शिवपुरी आ गया था। इस दौरान उसकी पत्नी जिला अस्पताल में उसे बैठाकर भाग गई। उसे पता लगा है कि उसकी पत्नी बैराड़ के रहने वाले किसी शिवम के साथ भागी है। इसके अतिरिक्त उसका ससुर पहले भी शादी के नाम अन्य लोगों से ठगी कर चुका है। बता दें कि पीड़ित ने पत्नी की लापता होने की शिकायत 17 जुलाई को कोतवाली में दर्ज कराई थी। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है। लेकिन आज पीड़ित ने एसपी ऑफिस में भी पत्नी को ढूंढ निकालकर उसके पैसे और सोने चांदी के जेवरात वापस दिलाए जाने की गुहार लगाई है।

### रेल से कटकर अज्ञात की मौत

**अशोकनगर।** जिले के मुगावली थाने के अंतर्गत मुगावली कंजिया रेल मार्ग पर 1000/33 खंभे पर पुलिस ने किसी अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। जिसकी सूचना आसिफ खान द्वारा पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### मर्ग की जांच पर से किया केस दर्ज


**अशोकनगर।** चंदेरी थाने के अंतर्गत माता मढ़ मोहल्ला निवासी दीक्षा यादव की मौत हो गई थी। जिस पर पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया था। मायके पक्ष ने गंभीर आरोप लगाए थे। पुलिस ने महिला के पति के विरुद्ध मामला दर्ज किया।


### देहात पुलिस ने पति सहित ससुराल पक्ष पर मामला दर्ज किया

# मायके में पिता के घर रह रही पत्नी को पति ने डाक से भिजवा दिया तीन तलाक का पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




सूचना पत्र ( अंतिम घोषणा तलाकुल हसन )



मुस्लिम महिला विवाह संरक्षण अधिनियम लागू होने और तीन तलाक का पत्र डाक से भेजने का मामला सामने आया है। जिसके बाद महिला ने देहात थाने की पुलिस से गुहार लगाई। महिला की फरियाद पर पुलिस ने आरोपी पति के साथ ससुराल पक्ष पर दहेत प्रताडना के साथ मुस्लिम महिला विवाह संरक्षण अधिनियम का मामला दर्ज किया है।

महिला शाहिबा बानो पुत्री शाकिर खान निवासी महाना थाना देहात जिला अशोकनगर का निकाह 26 अप्रैल 2023 को कोलारस निवासी आदिल खान से हुआ था। इस विवाह मे बेटी के माता पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार पैसा खर्च किया था। महिला का पति आदिल मंडी मे अनाज खरीदने और बेचने का काम करता है। शादी के बाद से महिला को प्रताडित किया जाता था और उससे 2 लाख रूपए की मांग की जाती थी। 2 लाख रूपए पिता द्वारा दिए जाने के बाद उसने पिकअप वाहन खरीदा उसके बाद भी वह महिला से मारपीट करता रहा। रोज रोज की मारपीट से तंग आकर महिला अपने पिता के घर चली आई। वह अपने पिता के घर रह रही थी। तभी उसे डाक घर से एक पत्र आया जो उसके पति ने भेजा थां। खोलकर देखा तो उस पर लिखा था तीन तलाक।

महिला का निकाह बिना किसी दहेजे के 100786 मैहर रूपए के रूप मे हुआ था। महिला के पति ने जो तलाक तलाक का पत्र भेजा है उसमे लिखा है कि वह पहले दिन से ही छोटी मोटी बातो पर झगडा करने लगती थी। कहती थी कि वह पढी लिखी है और प्रायवेट स्कूल मे पढाकर अपना जीवन यापन कर लेगी और घर के लोगो को किसी केस मे फसाएगी।

1 महिला के पति ने पहला तलाक 30 मई 2024 को दिया जिसमे लिखा है कि वह अलीम खान पुत्र वकील खान और यूनुस खान पुत्र नन्हे खान के समक्ष शाहिवा बानो पुत्री शाकिर खान को तलाक देता हूॅ। तलाक शब्द को गवाहो ने सुना जिसकी सूचना मोबाइल पर दी गई। 2 दूसरा तलाक 2 जून 2024 को अलीम खान और युनूस खान के समक्ष दिया गया।

तीसरा और अंतिम तलाक 8 जुलाई को दो गवाहो की मौजूदगी मे दिया गया। पति ने अपने भेजे गए पत्र मे कहा कि तीनो तलाको की जानकारी मोबाइल पर दी है। कुल राशि 100786 रूपए लौटाने को तैयार हूॅ। तलाकुलहसन का अंतिम घोषणा पत्र भेज रहा हुॅ। निकाह 26 अपै्रल 2023 को हुआ था जो खत्म हो चुका है।

**इनका कहना है**

मुझे रविवार को डाक से लिफाफा मिला था। जिसे मैंने खोला तो उस पर तीन बार तलाक लिखा था। मे फरियाद लेकर थाने मे आई हॅू। शादी के बाद से मुझे परेशान किया जा रहा था। दहेज के लिए 2 लाख रूपए भी मेरे पिता से लिए गए थे। मुझसे मारपीट की जाती थी। मैने पुलिस से मदद की गुहार की है।

**शाहिबा बानो,** फरियादी महिला

महिला द्वारा वह तलाक का पत्र थाने मे लाया गया था। जिसमे ससुराल पक्ष द्वारा दहेत की मांग कर उसे प्रताडित किया जाता था। और तलाक तलाक तलाक कहकर उसे छोड दिया।जिस पर से शाफीअहमद खान,बतलून बोना,आवेद खान,आदिल खान ,अलीम खान युनूस मंसूरी निवासी कोलारस के विरूध दहेज प्रताडना व मुस्लिम महिला विवाह संरक्षण अधिनियम का मामला दर्ज किया गया है।

**रविप्रताप सिंह चैहान** थाना प्रभारी देहात।

## नपा रिश्वत कांड में जांच सिद्ध अब भोपाल से होगी कार्रवाई

**शिवपुरी।** नगर पालिका में भुगतान के बदले चल रहे कमीशन की जांच पूरी हो चुकी है। जांच रिपोर्ट भी कलेक्टर तक पहुंच गई है। उल्लेखनीय है कि 2 जुलाई को नेता प्रतिपक्ष शशि शर्मा ने नगर पालिका के अकाउंटेंट राघवेंद्र श्रीवास्तव का एक रिश्वत लेते का वीडियो वायरल किया था। इस वीडियो में राघवेंद्र श्रीवास्तव भुगतान के बदले कमीशन लेते हुए नजर आ रहे थे। उन्होंने कमीशन के रूप में दो लिफाफे लिए जिनमें एक लिफाफे में राघवेंद्र श्रीवास्तव के हिस्से के 14 हजार रुपये होना बताया गया था। वहीं दूसरे और एक अन्य लिफाफे में सीएमओ के 84 हजार रुपये होना बताया जा रहा था। भुगतान के बदले कमीशन के इस मामले ने तूल पकड़ा तो कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने डिप्टी कलेक्टर उमेश कौरव से मामले की जांच करवाई। जांच के दौरान वीडियो वायरल करने वाली नेता प्रतिपक्ष शशि शर्मा, पार्षद संजय उर्फ पप्पू गुप्ता, ठेकेदार गजेंद्र सेन व आशीष शर्मा के बयान दर्ज किए गए। बताया जा रहा है कि इस मामले में ठेकेदार गजेंद्र सेन ने डिप्टी कलेक्टर को बयान दर्ज कराए हैं कि उन्हें लगातार कमीशन के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। उनसे कहा जा रहा था कि अगर ज्यादा कमीशन नहीं दोगे तो आपका भुगतान नहीं हो पाएगा। इसी के चलते उन्होंने पार्षद पप्पू गुप्ता के माध्यम से कमीशन की यह राशि पहुंचाई थी ताकि वह कमीशन कुछ कम करवाने का प्रयास कर सकें। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आए हैं कि आरएमजी इलेक्ट्रिकल्स ने बोरवेल की मोटर सुधरवाने का ठेका लिया था। आरएमजी इलेक्ट्रिकल द्वारा जो मोटर सुधारी गई, उनका भुगतान 28 लाख रुपये का हुआ था। उक्त भुगतान के एवज में 3 प्रतिशत के मान से सीएमओ के कमीशन का भुगतान किया गया था, वहीं राघवेंद्र श्रीवास्तव को 1 प्रतिशत के हिसाब से 14 हजार रुपये का भुगतान किया गया था। इस मामले में कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी का कहना है कि नगर पालिका में कमीशन वाले मामले का जांच प्रतिवेदन मुझे प्राप्त हो गया है। मैं इस मामले में कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन भोपाल भेज रहा हूं।

## राजस्व टीम पर बढ़ते हमलों के विरोध में पटवारी संघ का ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जिले में राजस्व टीम पर कार्रवाई के दौरान हो रहे हमले के विरोध में गुरुवार को पटवारी संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। पटवारी संघ की मांग है कि कार्रवाई के दौरान पुलिस की कड़ी सुरक्षा मिले। साथ ही हमलावरों पर गैरजमानती धाराओं में मामला दर्ज किया जाना चाहिए। पटवारी संघ का कहना है कि कार्रवाई के दौरान पुलिस का साथ नहीं मिलता। इसके बाद पुलिस द्वारा उचित धाराओं में कार्रवाई नहीं की जाती। जिससे अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। इससे राजस्व टीम पर हमलों की घटनाओं में इजाफा हो रहा है। पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष गोपाल प्रधान ने बताया कि पोहरी अनुविभाग के पिपरघार गांव में 17 जुलाई बुधवार शाम अवैध उत्खनन रोकने पहुंची राजस्व टीम पर हमला बोल दिया गया। राजस्व टीम में मौजूद नायब तहसीलदार सहित तीन पटवारियों को बंधक बनाकर मारपीट की गई। सूचना के बाद मौके पर पुलिस भी देरी से पहुंची। इसकी शिकायत पोहरी थाने में की गई थी। लेकिन पुलिस ने भी उचित धाराओं में मामला दर्ज नहीं किया। जिससे हमलावर आसानी से जमानत ले लेंगे। इसके अतिरिक्त बीते माह जसराजपुर में भी 250 के प्रकरण में कब्जा हटवाने गई राजस्व टीम को बंधक बनाकर पीटा गया था।

इस दौरान गोली भी चल गई थी। राजस्व टीम पर हमले की घटनाएं आम होती जा रहे हैं। ऐसे में अगर हमलावारों पर ठोस कार्रवाई न होने के चलते कभी ओर बड़ी घटना भी घट सकती हैं। इसके चलते गुरुवार को कलेक्टर को पटवारी संघ ने ज्ञापन सौंपकर हमलावारों पर गैरजमानती धाराओं में मामला दर्ज करने सहित राजस्व टीम को कार्रवाई के दौरान कड़ी पुलिस सुरक्षा देने की मांग की है। ऐसे अगर उनकी मांगों को नहीं माना गया तो सभी पटवारी हड़ताल पर बैठने को मजबूर हो जाएंगे।

### जानकी सेना संगठन ने किया पौधारोपण अभियान का शुभारंभ

**शिवपुरी।** सुंदरकांड राष्ट्रीय महा अभियान के माध्यम से घर-घर सुंदरकांड करने का संकल्प लेने वाले अखिल भारतीय जानकी सेना संगठन द्वारा पर्यावरण संरक्षण का भी अनवरत कार्य किया जा रहा है। संगठन द्वारा जो मुख्य रूप से 12 सेवा प्रकल्प कार्य हैं उनमें पर्यावरण संरक्षण को भी मुख्य रूप से शामिल किया गया है। जानकी सेना संगठन ने अभी तक हजारों पौधों का रोपण कर पर्यावरण के प्रति अपने दायित्व को बखूबी निभाया है। जानकी सेना संगठन के द्वारा प्रतिवर्ष बरसात के महीनों में पौधरोपण कार्यक्रम रखा जाता है जिसमें संगठन की 160 इकाइयों में हजारों लोगों द्वारा पौधरोपण कार्य किया जाता है। इसी क्रम में विगत दिवस जानकी सैनिकों द्वारा शिवपुरी कलेक्ट्रेट के पास स्थित मां जानकी लव कुश पार्क में 50 पौधों का रोपण किया गया। इसके साथ ही जानकी सेना संगठन का पौधरोपण अभियान का भी शुभारंभ कर दिया गया जानकी सेना संगठन द्वारा इस वर्ष भी हजारों पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है। शिवपुरी के अलावा 160 इकाइयों में हजारों लोगों द्वारा पौधों रोपण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पौधे रोपित किए जाते हैं।

## महंत ने दिव्यांग छात्रा के साथ किया रेप

### पेट दर्द की जांच में निकली 8 माह की गर्भवती, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



कोलारस थाना की लुकवासा चौकी क्षेत्र के एक मंदिर के महंत ने एक 11वीं कक्षा की छात्रा के साथ मंदिर परिसर में दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इसका खुलासा दिव्यांग छात्रा के गर्भवती होने के बाद लगा। आरोप है कि दिव्यांग छात्रा को महंत ने धमकी दी थी। जिसके चलते छात्रा चुप रही। 19 साल की छात्रा की शिकायत के बाद पुलिस ने महंत के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। इधर, महंत भी मंदिर छोड़ एक महीने से लापता है। पुलिस ने महंत की तलाश शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि महंत अपने साथ क्षेत्र के किसी व्यक्ति की फाइनेंस बोलेरो के साथ फरार चल रहा है। पीड़िता के मुताबिक, नवंबर-दिसंबर 2023 माह में वह भाटी सरकार मंदिर पर सुबह 7 बजे शंकर जी पर जल चढ़ाने गई थी। उसी समय मंदिर पर महंत राम किशोर दास उर्फ बृजेश शर्मा (48) ने उसे पकड़ लिया और कमरे के अंदर ले गए। जहां उन्होंने मेरे साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद मुझे धमकी दी कि वह अगर इस मामले के बारे में किसी को बताएगी तो वह उसके पिता को जान से मार देगा। अभी 5 दिन पहले युवती के पेट में तेज दर्द हुआ तो परिजन युवती को अशोकनगर जिले में इलाज कराने गए। जिसके बाद वहां पर जांच में पता चला कि युवती 8 माह की गर्भवती है।

कोलारस टीआई विजय यादव ने बताया कि मामले में छात्रा की शिकायत पर आरोपी महंत पर दुष्कर्म का केस दर्ज कर लिया है। एफआईआर के बाद पुलिस ने मंदिर परिसर में बने महंत के कमरे की तलाशी ली। जहां पुलिस को एक बीएसएफ का कार्ड मिला। जिसमें महंत का जवानी का फोटो लगा हुआ था और उस कार्ड में महंत का नाम लिखा था। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह कार्ड असली है या नकली, इसकी जांच में पुलिस लगी है। जो वोटर कार्ड मिले हैं उससे महंत नासिक महाराष्ट्र का रहने वाला है और पिछले 5 साल से इस मंदिर पर है। उन्होंने कई नेताओं व अधिकारियों से सहयोग से मंदिर परिसर में लाखों रुपए का निर्माण कार्य भी कराया है।

## देवशयनी ग्यारस पर हवन पूजन कर किया गया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में बुधवार को बड़ी धूमधाम से मनाया गया देवशयनी महापर्व जिसमें हवन पूजन के साथ-साथ पौधरोपण भी किया गया।

उन्होंने बताया कि इस दिन भविष्य पुराण के अनुसार भगवान विष्णु योग निद्रा में 4 माह के लिए चले जाते हैं भगवान के योग निद्रा में जाने से बाकी देवी देवता चातुर्मास में आसान लगा लेते हैं क्योंकि बरसात में अनेक कीड़े मकोड़े उत्पन्न होकर साधना करने में विबिधान होता है ईन चातुर्मास में ऋषि मुनि चतुर मासी आसान लगते हैं उन्होंने बताया कि इस दिन की एकादशी में सर्वार्थ सिद्धि योग एवं अमृत सिद्धि योग शुक्ल योग तथा शुभ योग बना हुआ है अनुराधा नक्षत्र होने के कारण लक्ष्मी नारायण योग भी बना है इस एकादशी में जो व्रत रखकर के किसी अनाथ गरीब आशहाय की सेवा करते हैं उनके लिए यज्ञ के समान फल की प्राप्ति होती है तथा इस एकादशी के दिन बुधवार पढ़ने से बीजों बोने का मुहूर्त एवं पौधारोपण मुहूर्त बना हुआ है इसीलिए पंचमुखी हनुमान मंदिर पर सात नए पौधे लगाए गए हैं हवन पूजन के साथ-साथ लक्ष्मी नारायण कथा तथा विष्णु पुराण में दिया गया विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ भी किया गया शाम को महा आरती के साथ हरि कीर्तन भी किया जाएगा।

## मगरौनी कस्बा बना हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल

**शिवपुरी।** मगरौनी में मोहर्रम के ताजिया जुलूस में हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल देखने को मिली। यहां जुलूस में कई हिंदू भी शामिल हुए। यहां मोहर्रम के ताजिया जुलूस में हिंदू-भजनों को बजाया गया। जुलूस में गाना गा रहे गायक ने श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में भजन गाया। बैंड पर भजन सुनकर सभी मंत्रमुग्ध हो गए। बता दें कि मगरौनी कस्बे के नीलगर चौराहे के रहने बाले कुट्टन खान हर बार ताजिया निकालते हैं। उनके और उनके परिवार के ताजियों में हर साल हिंदू भी शामिल होते हैं। वहीं हिन्दुओं के आयोजन में कुट्टन खान आमंत्रित रहते हैं। यही वजह हैं कि मगरौनी कस्बा हिन्दू-मुस्लिम एकता की मिसाल बना हुआ हैं। बताया गया हैं कि कुट्टन खान और उनका परिवार भागवत कथा भी करा चुका है। इतना ही नहीं कुट्टन खान अमरनाथ और वैष्णों देवी की यात्रा भी कर चुके हैं। ऐसे में जब कुट्टन खान कोई भी मुस्लिम धर्म का आयोजन करते हैं तो उनके साथ कस्बे के हिंदू भी सहयोग के लिए साथ चल पड़ते हैं। इसी क्रम में कुट्टन खान ० उनके परिवार ने मोहर्रम के ताजिया का जुलूस निकाला था। इस जुलूस में हिंदू शामिल हुए जहां बैंड पर हिंदू-मुस्लिम दोनों धर्म के भजनों को बजाया गया, जिनके वीडियो वायरल हो रहा है।

**ताजिया जुलूस में गाया गया श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में**

## अवैध उत्खनन पर कार्रवाई करने पहुंची राजस्व टीम पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

पोहरी थाना क्षेत्र के पिपरघार गांव में बुधवार की शाम अवैध उत्खनन रोकने पहुंची राजस्व टीम पर हमला बोल दिया गया। अपनी जान बचाकर भागी राजस्व की टीम ने पोहरी थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पोहरी थाना पुलिस ने देर रात सरपंच पुत्र सहित चार नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा और मारपीट की धाराओं में मामला पंजीबद्ध किया है।

पोहरी के पिपरघार ग्राम पंचायत के सरपंच बृजमोहन धाकड़ है। सरपंच पुत्र आनंद धाकड़, मनोज धाकड़, मुकेश धाकड़ और भरत धाकड़ गांव में राजस्व की जमीन को खेती योग्य बनाने सहित जेसीबी से मुरम की खुदाई कर रहे थे। इसकी भनक लगते ही राजस्व की टीम मोके पर पहुंच गई थी। यहां नायब तहसीलदार प्रमोद तोमर ने मुरम खोदने में लगी जेसीबी को रोकने का प्रयास किया था। इसी बात से सरपंच पुत्र आनंद धाकड़ नायब तहसीलदार से उलझ गया। इसके बाद सरपंच पुत्र आनंद धाकड़, मनोज धाकड़, मुकेश धाकड़ और भरत धाकड़ ने नायब तहसीलदार प्रमोद तोमर व पटवारी मुकेश बघेल, बंटी गोलिया, ड्राइवर हेमंत के साथ मारपीट कर दी। एकाएक हमले से बचने के लिए राजस्व की टीम ने मौके से भागकर अपनी जान बचाई। पोहरी पुलिस ने नायब तहसीलदार प्रमोद तोमर की शिकायत पर सरपंच पुत्र आनंद धाकड़, मनोज धाकड़, मुकेश धाकड़, भरत धाकड़ और दो अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### बादशाही वजीर ताजियों का राइन समाज की बुर्राक का हुआ मिलाप

# हजरत इमाम हुसैन की याद में निकाले ताजिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंदेरी



नगर में मोहर्रम से इस्लाम का नया साल शुरू होता है कल 17 जुलाई को मोहर्रम इस्लाम धर्म के लोग मोहर्रम के महीने को बेहद पवित्र मानते है मोहर्रम की 10 तारीख को रोज ए आशूरा कहा जाता है।

वैसे तो मोहर्रम का पूरा महीना बेहद पाक और गम का महीना होता है लेकिन मोहर्रम का दसवां दिन सबसे खास होता है 1400 साल पहले मोहर्रम के महीने की 10 तारीख को ही पैगंबर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन को शहीद किया गया था इस गम में मोहर्रम की 10 तारीख को ताजिए निकाले जाते हैं। सुन्नी समुदाय के लोग रोजा नमाज करके अपना दुख जाहिर करते हैं। इस्लामिक मान्यता के मुताबिक सन 61 हिजरी 680 ई में इराक के कर्बला में पैगंबर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन अपने 72 साथियों के साथ कर्बला के मैदान में शहीद हो गए थे। सुन्नी लोग मोहर्रम की 9 और 10 तारीख को रोजा रखते हैं वैसे इस महीने मुसलमान के लिए रोजा रखना फर्ज नहीं होता है हालांकि सुन्नत के तौर पर मुस्लिम यह रोजा रख सकते। वहीं चंदेरी जैसे ताजिये और ताजियों का मिलाप आपने कहीं नहीं देखा होगा। चंदेरी में नाम से बादशाह वजीर बंजारी टोला बुर्राक राजा ताजिये यह सभी ताजिये कपड़े के आकर्षक डिजाइन में बनाए जाते हैं। मोहर्रम की दसवीं तारीख को कल बुधवार को मोहल्ला मैदान गली में बादशाह वजीर ताजियों का मिलाप हुआ बादशाह वजीर के साथ अन्य ताजिये सदर बाजार में आकर दोपहर ताजियों का मिलाप हुआ। दोपहर में तेज धूप में भी लोगों का जोश कम नहीं हो रहा था। सदर बाजार में बादशाही वजीर ताजियों का राइन समाज की बुर्राक का मिलाप हुआ। इसके बाद चेक चेतन के ताजियों की सदर बाजार में आकर बादशाह वजीर ताजियों के पीछे पीछे विसर्जन के लिए करबला धुवया ताल के लिए रवाना हुए जहां जगह जगह बड़ी बड़ी छबील लगाकर राइन समाज ने लंगर तकसीम किया शाम होते होते दिल्ली दरवाजा चैराहा पर सभी ताजिये पहुंचे और सड़क मार्ग से दरगाह हजरत मखदूम शाह विलायत होते हुए पुराने बस स्टैंड निजामुद्दीन चौराहे से दरगाह समन शोख पर सभी ताजियों का कुछ देर के लिए मुकाम हुआ फातिहा खानी होकर यहां से सभी ताजियों को कंधे पर ले लिया गया और कर्बला तक या हुसैन के बुलंद नारों के साथ रो रोकर करबला तक विदाई दी गई जहां कर्बला धुवया ताल पर ठंडा किया जा रहा है जो देर रात तक होते रहे ताजियेदार सुबह ही घर पहुंच पाते हैं ताजिये अखाड़ों को ठंडा करके।

## मातमी धुनों के साथ मूडरा और नई सराय के ताजियों का हुआ मिलाप

### मंगलवार की रात से ही ताजिये निकलना शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नईसराय



प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नईसराय तहसील मुख्यालय पर मोहर्रम के ताजिए नगर में मातमी धुनों पर निकाले गए इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा 14 ताजिए बनाए गए थे एवं दो ताजिया मूडरा एवं भुगावली गांव से बनाकर नईसराय में आए, जिनको नगर भ्रमण कराया गया मंगलवार रात्रि 11 बजे मूडरा एवं भुगावली के ताजिए नई सराय पहुंचे और बुधवार सुबह 9 बजे जहां पर तीनों गांव के ताजियों का मिलाप किया गया। इसके बाद मुस्लिम युवाओं द्वारा मातमी धुनों पर ताजिए निकाले गए इस दौरान युवाओं एवं नन्हे बच्चों द्वारा हैरतंगेज करतब दिखाए गए उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश का नई सराय कस्बा ऐसा कस्बा है जहां पर ताजियों का तीन दिनों तक कार्यक्रम चलता है ।कलाकारों ने दिखाए करतब रू ताजियों के दौरान समाज के लोगों द्वारा हैरतंगेज करतब दिखाए गए इस दौरान नन्हे कलाकारो द्वारा भी हैरतअंगेज करतब दिखाकर सबको हैरत में डाल दिया कस्बे में हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक देखने को मिलता है मुस्लिम भाई हिंदुओं के त्योहारों में बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं तो वहीं हिंदू भाई भी मुस्लिम भाइयों के त्योहारों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं।